भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3498

उत्तर देने की तारीख 11 अगस्त, 2025

20 श्रावण, 1947 (शक)

राष्ट्रीय खेल नीति 2025

3498. श्रीमती अपराजिता सारंगी:
श्री प्रवीण पटेल:
श्री महेंद्र सिंह सोलंकी
डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:
श्री अरुण गोविल:
श्री लुम्बाराम चौधरी:
डॉ. निशिकान्त दुबे :
श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः
श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़:
श्री दिनेशभाई मकवाणा:
श्री विष्णु दयाल रामः
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री दिलीप शइकीया:
श्रीमती कमलजीत सहरावत:
श्री जनार्दन मिश्राः
श्री गोडम नागेश
सुश्री कंगना रनौत :
श्रीमती कमलेश जांगड़े:
श्री योगेन्द्र चांदोलिया:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय खेल नीति, 2025 के अंतर्गत विद्यमान राष्ट्रीय खेल महासंघों की क्षमता बढ़ाने का विचार है;

(ख) क्या उक्त नीति में प्रतिभाओं की शीघ्र पहचान करने और उनके पोषण के लिए कोई उपबंध शामिल हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस नीति में, विशेषकर हिमाचल प्रदेश में महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, जनजातीय समुदायों और दिव्यांगजनों की सहभागिता को प्रोत्साहित करने का कोई उपबंध है;

(घ) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस संबंध में, विशेषकर छत्तीसगढ़ में क्या कदम उठाए गए हैं,

(ङ) क्या उक्त नीति में देवास-शाजापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ग्रामीण और अर्ध-शहरी खेल अवसंरचना विकसित करने का उपबंध है,

(च) यदि हाँ, तो स्थानीय स्टेडियमों, स्कूल मैदानों या जिला खेल केंद्रों के उन्नयन के लिए उक्त नीति के अंतर्गत आवंटित निधि या योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(छ) क्या सरकार देवास-शाजापुर के ग्रामीण क्षेत्रों में जनजातीय और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदायों के युवा एथलीटों को चिह्नित करने और उन्हें सहयोग प्रदान करने के लिए कोई कदम उठा रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ज) क्या सरकार का देवास-शाजापुर में जिला - विशिष्ट प्रतिभा पहचान और कोचिंग कार्यक्रम शुरू करने का विचार है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) जी, हां। खेलो भारत नीति-2025 का एक प्रमुख उद्देश्य खेल क्षेत्र में शासन और संस्थागत ढाँचे को मज़बूत करना है। राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) की क्षमता बढ़ाने के लिए नीति में अन्य बातों के साथ-साथ परिचालन दक्षता, पेशेवर प्रबंधन, पारदर्शिता और वित्तीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने और शासन आदि के लिए, यदि आवश्यक हो, तो कानून सहित नियामक ढाँचा स्थापित करने के प्रावधान शामिल हैं। विस्तृत जानकारी https://yas.nic.in/sites/default/files/Khelo-Bharat-Niti-2025_0.pdf पर उपलब्ध है।

(ख) खेलो भारत नीति-2025 के उद्देश्यों में, अन्य बातों के अलावा, भावी चैंपियनों को निखारने के लिए एक मज़बूत प्रतिभा पहचान और विकास प्रणाली का विकास शामिल है। नीति में खेल प्रतिभाओं की शीघ्र पहचान और पोषण के प्रावधान हैं। इनमें स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से जमीनी स्तर पर संरचित प्रतिभा खोज; युवा एथलीटों का वैज्ञानिक मूल्यांकन और प्रोफाइलिंग; और प्रतिभा विकास स्कीमों में उनका समावेश शामिल है। नीति का उद्देश्य राष्ट्रीय खेल परिसंघों, राज्यों, शैक्षणिक संस्थानों और निजी संगठनों जैसे विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए खेल प्रतिभा खोज और विकास गतिविधियों का विस्तार करना भी शामिल है।

(ग) और (घ) : खेलो भारत नीति-2025 के उद्देश्यों में अन्य बातों के साथ-साथ, देश भर की महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, जनजातीय समुदायों और दिव्यांगजनों की भागीदारी भी शामिल है और साथ ही खेलों के माध्यम से सामाजिक विकास और समावेश को बढ़ावा देने सहित देश भर में खेल अवसंरचना तक समान पहुँच सुनिश्चित करना और जमीनी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक सभी भागीदारी समूहों के लिए व्यापक खेल कार्यक्रम स्थापित करना शामिल है। महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, जनजातीय समुदायों और शारीरिक या मनोवैज्ञानिक चुनौतियों वाले व्यक्तियों के बीच समावेशिता और खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए, नीति-2025 में उनकी विशिष्ट

आवश्यकताओं के अनुरूप सेवाओं के साथ समर्पित खेल सुविधाएँ स्थापित करने का प्रावधान है। ये समावेशी अवसंरचनाएं बाधाओं को कम करने और सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने में मदद करती हैं। इसमें इन समूहों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई नियमित खेल लीगों के आयोजन का भी प्रावधान है ताकि सहभागिता को बढ़ाया जा सके और भागीदारी के सतत अवसर प्रदान किए जा सकें।

(ङ) और (च) : देश भर में खेल अवसंरचना तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, खेलो भारत नीति-2025 आर्थिक, सामाजिक और भौगोलिक असमानताओं के बावजूद ब्लॉक से राज्य स्तर तक अवसंरचना के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए खेल सुविधाओं तक समान पहुंच पर बल देती है। खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना के निर्माण और उन्नयन" घटक के अंतर्गत, यह मंत्रालय खेल उपकरणों के साथ-साथ खेल परिसर, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी मैदान, सिंथेटिक टर्फ फुटबॉल मैदान, बहुउद्देशीय हॉल, स्विमिंग पूल आदि जैसी मूलभूत खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत, सरकार खेल सुविधाओं के निर्माण और उन्नयन के लिए विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों को सहायता प्रदान करती है। देश भर में खेलो इंडिया स्कीम और एनएसडीएफ के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(छ) और (ज): भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की खेल प्रोत्साहन स्कीमों के अंतर्गत, एथलीटों की पहचान उनकी क्षमता/प्रतिभा के आधार पर की जाती है, जिसमें जनजातीय और अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के एथलीट शामिल हैं। वर्तमान में, देवास-शाजापुर में कोई भी साई केंद्र संचालित नहीं है, तथापि, देवास-शाजापुर सहित देश भर में खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत प्रतिभा पहचान और कोचिंग कार्यक्रमों के लिए पहल की गई है।

खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) की स्थापना ग्रामीण क्षेत्रों में एथलीटों सहित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के इच्छुक बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान करने, पूर्व चैंपियन एथलीटों (पीसीए) को कोच के रूप में आजीविका के अवसर प्रदान करने और मौजूदा अवसंरचना का उपयोग बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। देवास और शाजापुर जिले में खेलो इंडिया केंद्रों का विवरण इस प्रकार है:

राज्य	**ज़िला**	**केआईसी का नाम**	**विधा**	**पुरुष**	**महिला**	**कुल**
मध्य प्रदेश	देवास	कुशाभू ठाकरे इंडोर बैडमिंटन हॉल विकास गानार देवास	बैडमिंटन	14	15	29
	शाजापुर	तात्या टोपे नगर स्टेडियम, भोपाल म.प्र	मलखंब	20	20	40

*****